# बीच सड़क पर खड़े बिजली के खंभे खतरनाक

## कभी भी हो सकता है बड़ा हादसा, बिना सुरक्षा के मजदूर कर रहे कार्य



**सिलवानी, 19 दिसंबर. नगर में इन दिनों विद्युत कंपनी के ठेकेदार की गंभीर लापरवाही सामने आ रही है. पावर हाउस से अशोक विहार कॉलोनी तक तीसरे फीडर के लिए डाली जा रही बिजली लाइन के दौरान जगह-जगह सड़क के ठीक बीचों-बीच बिजली के पोल गाड़ दिए गए हैं. यह स्थिति आम लोगों की जान के लिए बड़ा खतरा बनती जा रही है.**

स्थानीय नागरिकों का कहना है कि सड़क के बीच लगाए गए इन पोलों के कारण वाहनों की आवाजाही बाधित हो रही है. खासकर रात के समय पोल स्पष्ट दिखाई नहीं देते, जिससे दोपहिया वाहन चालकों, कार सवारों, स्कूल जाने वाले बच्चों और बुजुर्गों के साथ किसी भी समय हादसा हो सकता है.

काम के दौरान सुरक्षा मानकों की भी खुलेआम अनदेखी की जा रही है. बिना सेफ्टी बेल्ट और जरूरी सुरक्षा उपकरणों के मजदूरों से तार खिंचवाए जा रहे हैं. जब ठेकेदार के काम की निगरानी कर रहे कर्मचारी से सुरक्षा उपकरणों के बारे में पूछा गया, तो उन्होंने पहले टालमटोल किया और बाद में कहा कि सेफ्टी रखी है, लगवा देते हैं. मीडिया द्वारा फोटो खींचे जाने के बाद ही उन्हें सुरक्षा नियमों की याद आई.

स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार आपत्ति दर्ज कराने के बावजूद बिजली कंपनी और संबंधित अधिकारी इस गंभीर समस्या पर ध्यान नहीं दे रहे हैं. न तो काम रोका गया और न ही सड़क के बीच लगे पोल हटाए गए. लोगों में इस बात को लेकर गुस्सा है कि क्या किसी बड़ी दुर्घटना के बाद ही प्रशासन जागेगा.

क्षेत्रवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते इन पोलों को सड़क के किनारे सुरक्षित स्थान पर शिफ्ट नहीं किया गया, तो किसी भी बड़े हादसे की पूरी जिम्मेदारी बिजली विभाग और प्रशासन की होगी.

### नागरिकों की मांग

स्थानीय लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क के बीच लगाए गए सभी बिजली के पोल तत्काल हटाए जाएं, लाइन डालने का कार्य तकनीकी मानकों और सुरक्षा नियमों के अनुसार कराया जाए और इस लापरवाही के लिए जिम्मेदार अधिकारियों व ठेकेदार पर सख्त कार्रवाई की जाए. लोगों का कहना है कि अगर समय रहते इस ओर ध्यान नहीं दिया गया, तो यह लापरवाही किसी दिन बड़ी जनहानि में बदल सकती है, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह सिस्टम और प्रशासन पर होगी.

# 70 महिलाओं को दिया 10 .5 लाख का ऋण

## एसबीआई ने महिलाओं को स्वावलंबी बनाने ऋण वितरित किया

**बेगमगंज, 19 दिसंबर. भारतीय स्टेट बैंक कृषि, वाणिज्यिक शाखा द्वारा गुरुवार को स्वसहायता समूहों को आर्थिक सहायता उपलब्ध कराने के लिए मिशन के सभागार में शिविर का आयोजन कर एनआरएलएम योजना के तहत 42 लाख का ऋण किया गया है, जिसमें प्रथम किस्त के रूप में 10 लाख 5 हजार राशि वितरण की गई है ताकि समूह अपना कार्य शुरू कर दें.**



राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के माध्यम से सरकार स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने के लिए लगातार प्रयासरत है .

इसी तारतम्य में गुरुवार को भा.स्टेट बैंक बेगमगंज की कृषि वाणिज्यक शाखा द्वारा क्षेत्र के 7 स्व -सहायता समूहों में रमपुरा, चंदोरिया, पिपलिया बख्तसिंह, देहगवां, बेरखेड़ी, उमरखोह, खिरिया इत्यादि की 70 महिला सदस्यों को प्रथम चरण का 10.5 लाख का ऋण स्वीकृत किया गया. शिविर में बैंक के मुख्य प्रबंधक तेजस्वी कुमार पटेल ने शिविर में उपस्थिति महिलाओं को स्वसहायता समूह ऋण के महत्व साथ साथ मनी मुल फ्रॉड के दुष्परिणाम एवं बचाव के उपाय से अवगत कराया. बैंक द्वारा समयबद्ध केवाईसी , सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, मुद्रा ऋण, स्वयं सिद्ध योजना एवं वित्तीय साक्षरता की जानकारियां प्रदान किया गया. राष्ट्रीय आजीविका मिशन के विकासखंड समन्वयक सुधीर सोनी ने संस्थागत ऋण के लाभ बताकर स्वसहायता समूहों को पंचसूत्र के पालन हेतु प्रेरित किया.

सहायक विकासखंड प्रबंधक सुनीता सोनी ने उपस्थित दीदियों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ का शपथ दिलाकर आभार प्रदर्शन किया. शिविर के आयोजन में क्षेत्राधिकारी अजय महोरे, बैंक सखी ज्योति यादव एवं नेहा की भी सराहनीय भूमिका रही.

## एक नजर में



### कचनारिया में हंगामा कर रहे युवक पर कार्रवाई

**सलामतपुर, 19 दिसंबर .** कचनारिया गांव में शराब पीकर हंगामा कर रहे एक युवक को पत्नी की सूचना पर सलामतपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है . युवक पर धारा 170 बीएनएस की कार्रवाई कर शुक्रवार को सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश किया गया है . जहां से युवक को जमानत पर छोड़ दिया गया है . थाना पुलिस के प्रधान आरक्षक विकास श्रीवास्तव से मिली जानकारी अनुसार कचनारिया गांव में नीलेश मीणा पिता हरिनारायण मीणा निवासी आदर्श नगर कालोनी बैरागढ़ भोपाल शराब पीकर अपनी ससुराल में पत्नी नीरज मीणा को लेने आया था . पत्नी के नहीं जाने पर गांव की शांति भंग कर हंगामा करने लगा . परेशान होकर पत्नी और ग्रामीणों ने सलामतपुर थाने में सूचना दी . सूचना मिलते ही सलामतपुर थाना प्रभारी दिनेश सिंह रघुवंशी ने थाने से पुलिस बल कचनारिया गांव भेजा . जहां पर नीलेश लड़ाई झगड़ा करते हुए मिल गया . पुलिस नीलेश को गिरफ्तार कर थाने ले आई . और उसके खिलाफ धारा 170 बीएनएस की कार्रवाई करते हुए सांची टप्पा तहसील न्यायालय में पेश कर दिया, जहां से नीलेश को जमानत पर रिहा कर दिया गया .

### अवैध शराब मामले में फरार आरोपी गिरफ्तार



**सलामतपुर, 19 दिसंबर .** सांची थाना पुलिस ने अवैध शराब परिवहन के मामले में फरार आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया . प्राप्त जानकारी के अनुसार, बुधवार रात लगभग 10 बजे सांची पुलिस ने एक संदिग्ध कार को रोका था . इसी दौरान चालक अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया . कार की तलाशी लेने पर उसमें 17 पेटी अंग्रेजी शराब, कुल 182 बोतलें बरामद की गईं, जिनकी अनुमानित कीमत करीब 1 लाख 42 हजार रुपये बताई गई . पुलिस ने शराब जब्त कर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया था . शुक्रवार को मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने उदयगिरि रोड से कार चालक आकाश नाथ (26 वर्ष), निवासी भोपाल को गिरफ्तार किया . आरोपी के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2) के तहत मामला दर्ज कर उसे रायसेन न्यायालय में पेश किया गया, जहां से न्यायालय ने उसे जेल भेजने के आदेश दिए . इस कार्रवाई में थाना प्रभारी जे .पी . त्रिपाठी, प्रधान आरक्षक सुनील लोधी सहित पुलिस टीम की सराहनीय भूमिका रही .



### कक्षा 10 वीं का रिजल्ट बेहतर लाने कवायद

**सिलवानी, 19 दिसंबर .** पीएम श्री विद्यालय में कक्षा दसवीं की छात्राओं के परीक्षा परिणाम में सुधार लाने के उद्देश्य से एसडीएम हर्षल चौधरी द्वारा छात्राओं, प्राचार्य एवं शिक्षकों के साथ सार्थक चर्चा की गई . इस दौरान परीक्षा परिणाम को बेहतर बनाने के लिए आवश्यक रणनीति भी तैयार की गई . चर्चा के दौरान एसडीएम चौधरी ने छात्राओं को नियमित अध्ययन, समय प्रबंधन एवं आत्मविश्वास के साथ परीक्षा की तैयारी करने के लिए प्रेरित किया . शिक्षकों से विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन देने एवं कमजोर विषयों पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई . इस अवसर पर सांदीपनि विद्यालय के प्राचार्य एनपी शिल्पी, पीएम श्री विद्यालय की प्राचार्य सोनल नामदेव सहित विद्यालय के शिक्षकगण उपस्थित रहे .

### ग्राम पठा पौड़ी में कल से श्रीमद् भागवत कथा

**सिलवानी, 19 दिसंबर .** तहसील के ग्राम पठा पौड़ी में 21 से 27 दिसंबर तक संगीतमय श्रीमद् भागवत महापुराण कथा का आयोजन किया जा रहा है . यह आयोजन स्व . पटैल भैयालाल एवं स्व . गोपीबाई रघुवंशी की पुण्य स्मृति में किया जा रहा है . कथा का वाचन श्रीधाम वृन्दावन के कथा व्यास भागवत किंकर पं . कृष्णकांत शास्त्री के श्रीमुख से होगा . आयोजन की शुरुआत रविवार 21 दिसंबर को दोपहर 12 बजे भव्य कलश यात्रा से होगी . कलश यात्रा प्रसिद्ध सौजनी धाम से फोर व्हीलर वाहनों के साथ ग्राम पठा पौड़ी के लिए प्रस्थान करेगी .

# नि :शुल्क हुई विद्यार्थियों के दांतों की जांच

**उदयपुरा, 19 दिसंबर. गुरुकुल स्कूल में दंत चिकित्सा जांच शिविर का आयोजन किया गया, जिसमें 100 से अधिक पेरेंट्स एवं बच्चों के दांतों की जांच की गई और उन्हें दांतों को स्वस्थ व मजबूत रखने के उपयोगी सुझाव दिए गए.**



दंत चिकित्सक डॉ. असित शर्मा (बीडीएस) ने बच्चों का परीक्षण कर उन्हें ओरल हाइजीन, डेंटल कैरीज से बचाव और सही तरीके से ब्रश करने की जानकारी दी. उन्होंने फास्ट फूड के दुष्प्रभाव बताते हुए संतुलित व पौष्टिक आहार लेने की सलाह भी दी और बच्चों को संतुलित आहार के महत्व के बारे में बताया. दंत चिकित्सक ने कहा कि बच्चों में दांतों के स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बेहद जरूरी है और जंक फूड से दूरी बनाए रखना चाहिए. दंत चिकित्सक डॉ. शर्मा ने बच्चों को चॉकलेट, मिठाई और आइसक्रीम खाने के बाद याद से ब्रश करने की सलाह दी. इसके अलावा उन्हें बताया कि दांतों को कैसे साफ और मसूड़ों को कैसे स्वस्थ रखें. स्कूल के प्राचार्या ने कहा कि बच्चों के स्वास्थ्य की जिम्मेदारी भी विद्यालय का एक नैतिक कर्तव्य है, जिसका स्कूल की तरफ से पूरा ध्यान रखा जाता है. इस मौके पर स्कूल मैनेजमेंट कमेटी की ओर से प्राचार्या नेहा अग्रवाल और एकेडमिक डायरेक्टर द्वारा डाक्टरों की टीम को सम्मानित भी किया गया.

# व्यापारी ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

## कर्ज से परेशान था सलामतपुर का इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी

**सलामतपुर, 19 दिसंबर. कस्बे के इलेक्ट्रॉनिक व्यापारी राहुल साहू ने गुरुवार रात अपने घर पर ही रस्सी का फंदा बनाकर फांसी लगा ली. जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई. राहुल ने सुसाइड नोट में अपनी बर्बादी के लिए भगवान और देवी देवताओं को दोषी बताया है.**



शुक्रवार को राहुल का पोस्टमार्टम सांची सिविल अस्पताल में होने के बाद सलामतपुर के श्मशान घाट पर अंतिम संस्कार किया गया. वहीं पुलिस ने फिलहाल मर्ग का मामला कायम कर जांच में लिया है. जानकारी अनुसार सलामतपुर निवासी राहुल साहू पिता श्यामलाल साहू उम्र 35 वर्ष अपने घर में ही इलेक्ट्रॉनिक सामान की दुकान संचालित करता था. बताया जा रहा है कि राहुल पर लाखों रुपये का कर्जा हो गया था. जिसकी वजह से बहुत परेशान था और शराब पीने लगा था. गुरुवार रात को उसने सोसाइड नोट लिखकर रस्सी का फंदा बनाकर छत पर लगे कुंदे में लगाया और आत्महत्या कर ली. जब तक परिजनों को जानकारी मिली तब तक राहुल की मौत हो चुकी थी. राहुल के भाई रितेश ने थाने में सूचना देकर घटना की जानकारी दी. पुलिस ने शव को सांची सिविल अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा रात होने के कारण शव का पोस्टमार्टम शुक्रवार को सुबह हुआ.



# अज्ञात कार ने मारी टक्कर, बचे युवक

▸ स्टेट हाईवे 18 पर दीवानगंज पुरानी चौकी के पास हादसा

**सलामतपुर, 19 दिसंबर. रायसेन जिले के सलामतपुर थाना क्षेत्र के भोपाल विदिशा स्टेट हाईवे 18 पर दीवानगंज पुरानी चौकी के पास सड़क हादसे का मामला सामने आया है. यहां एक अज्ञात वेगनआर कार ने सामने से आ रही ऑल्टो कार को टक्कर मार दी.**

हादसे में ऑल्टो कार बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई, हालांकि कार में सवार चार युवक बाल-बाल बच गए. प्राप्त जानकारी के अनुसार, ऑल्टो कार विदिशा से भोपाल की ओर जा रही थी, जबकि वेगनआर कार भोपाल से विदिशा की दिशा में आ रही थी. टक्कर के बाद वेगनआर कार चालक मौके से फरार हो गया.

घटना के बाद कुछ देर के लिए यातायात प्रभावित रहा. सूचना मिलने पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे. पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है और फरार वाहन चालक की तलाश जारी है. हाइवे पर आए दिन होने वाले हादसे लगातार बढ़ते जा रहे हैं. जिन को रोकने के कोई उपाय नही किये जा रहे हैं.



# रंगरेज समाज ने भूमाफिया के खिलाफ दिया ज्ञापन

**बेगमगंज, 19 दिसंबर. नगर के वार्ड क्र. 5 रंगरेजान मोहल्ले में स्थित एक प्लाट तंजीम जमीयत- ए- सब्बाग ( रंगरेजान ) संस्था का होने का दावा करते हुए समाज के दर्जनों लोगों ने अध्यक्ष अतीक गोरेयान के नेतृत्व में तहसील कार्यालय पहुंचकर एक ज्ञापन तहसीलदार प्रमोद उइके को देकर आरोप लगाया है कि उक्त भूमि जो कि समाज ने भोगचन्द्र नामक व्यक्ति से 60 हजार में खरीदा गया था.**

उसमें उक्त भूमि में कूटरचित कर फर्जी दस्तावेज के आधार पर स्व.जैतून बी.ने अपना बताया कर एक वाद दायर किया था जो न्यायालय द्वारा खारिज कर दिया गया है. जैतून बी के स्वर्गवास के बाद उनके पुत्रों द्वारा अपनी संपत्ति बताकर फर्जी दस्तावेज के आधार पर सागर जिले के राहतगढ निवासी इल्यास मो.कुरेशी एवं उनके भाई आबिद मो.कुरेशी ने खरीदकर अपने नाम नामांतरण होना बताकर बलात कब्जा करने के लिए रंगरेज समाज के लोगों को डराया जा रहा है ताकि अवैध रूप से उक्त प्लॉट कर बलात कब्जा करके उसे हड़पा जा सके.

समाज के लोगों द्वारा इस संबंध में पुलिस प्रशासन से भी उक्त तत्वों से सुरक्षा करने एवं फर्जी दस्तावेज के आधार पर रजिस्ट्री कराकर राजस्व विभाग को गुमराह करके नामांतरण कराने के साथ बलात कब्जा करने एवं लगातार जबरन कब्जा करने की धमकी देने वाले भूमाफियों के खिलाफ कार्रवाई की जाए ताकि किसी भी प्रकार की अशांति निर्मित ना हो. तहसीलदार प्रमोद उइके ने बताया कि प्राप्त ज्ञापन के आधार पर भूमि के दस्तावेज एवं भूमि के रिकॉर्ड की जांच करा लेते हैं जो तथ्य सही पाए जाएंगे उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी.

**ई-केवायसी कराएं** ▸ परेशानी से बचने समय रहते कराएं एलपीजी कनेक्शन की ई-केवायसी

# 31 दिसंबर के बाद अवरुद्ध हो सकती है गैस सप्लाई

**सिलवानी, 19 दिसंबर. यदि आपने अब तक अपने एलपीजी कनेक्शन की ई-केवायसी नहीं कराई है, तो इसे 31 दिसंबर तक अनिवार्य रूप से करवा लें. निर्धारित समय सीमा तक ई-केवायसी नहीं होने की स्थिति में एलपीजी कनेक्शन ब्लॉक किया जा सकता है, जिससे रिफिल सप्लाई बाधित हो जाएगी.**



ऑयल मार्केटिंग कंपनियों द्वारा इस संबंध में लगातार उपभोक्ताओं को सूचित किया जा रहा है. इसके बावजूद सिलवानी क्षेत्र में अब तक केवल 53.5 प्रतिशत एलपीजी उपभोक्ताओं की ही ई-केवायसी हो पाई है, जबकि 46.5 प्रतिशत उपभोक्ता अभी भी शेष हैं.

दरअसल, पेट्रोलियम मंत्रालय ने फर्जी एलपीजी कनेक्शनों पर रोक लगाने और व्यवस्था में पारदर्शिता बनाए रखने के उद्देश्य से ई-केवायसी को अनिवार्य किया है. यह प्रक्रिया पिछले करीब एक वर्ष से चल रही है, लेकिन अपेक्षित गति नहीं पकड़ पा रही है.

प्रियांश इंडियन गैस एजेंसी के प्रबंधक यशवंत राय ने बताया कि एजेंसी के अंतर्गत घरेलू एलपीजी उपभोक्ताओं की कुल संख्या 26,402 है. इनमें से 14,125 उपभोक्ताओं ने अब तक ई-केवायसी नहीं कराई है. उन्होंने बताया कि लगातार उपभोक्ताओं से संपर्क कर उन्हें जागरूक किया जा रहा है, ताकि समय रहते ई-केवायसी पूरी की जा सके. निर्धारित समय सीमा के बाद उपभोक्ताओं को रिफिल सप्लाई में परेशानी का सामना करना पड़ सकता है.

### ऐसे कराएं ई-केवायसी

एलपीजी उपभोक्ता अपनी गैस कंपनी का मोबाइल ऐप डाउनलोड कर घर बैठे ई-केवायसी कर सकते हैं. इसके अलावा उपभोक्ता अपने नजदीकी गैस एजेंसी डीलर के पास जाकर आधार कार्ड, एलपीजी कनेक्शन बुक और पंजीकृत मोबाइल नंबर के साथ यह प्रक्रिया पूरी कर सकते हैं. ई-केवायसी की यह सेवा पूरी तरह नि:शुल्क है. प्रबंधक यशवंत राय ने पुन: अपील की है कि सभी उपभोक्ता 31 दिसंबर से पहले अपनी ई-केवायसी अनिवार्य रूप से करवा लें, ताकि गैस आपूर्ति निर्बाध बनी रहे.

# स्कूल के बाहर खड़ी बाइक से बैटरी चोरी

**बेगमगंज, 19 दिसंबर.** सेंट थॉमस कॉन्वेंट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यनरत कक्षा 11 का छात्र अंशु गौर पुत्र अशोक पटेल प्रतिदिन ग्राम पिपलिया पाठक से बेगमगंज बाइक से पढ़ने आता है रोज की भांति स्कूल के बाहर गेट के करीब शुक्रवार को भी उसने अपनी बाइक खड़ी की और स्कूल में चला गया जब छुट्टी हुई तो बाइक स्टार्ट नहीं हुई. देखने पर पता चला कि बाइक की बैटरी गायब है. यह बात घर जाकर उसने अपने पिता को बताई पिता ने स्कूल प्रबंधन से इसकी शिकायत की और थाना प्रभारी और एसडीएम को आवेदन देकर घटना की जानकारी देते हुए चोर का पता लगाने के साथ ही मांग की है कि स्कूल परिसर में काफी जगह है और जो बच्चे गांव से आते हैं बाइक से आना उनकी मजबूरी है.